1. 1875 के अलीगढ़ आंदोलन से किसका नाम जुड़ा है ?
(A) मोहम्मद अली जिन्नाह
(B) दादाभाई नौरोजी
(C) हकीम अजमल खान
(D) सर सैय्यद अहमद खान

Whose name is associated with Aligarh Movement of 1875 ?
(A) Mohammad Ali Jinnah
(B) Dadabhai Naoroji
(C) Hakim Azmal Khan
(D) Sir Sayyed Ahmed Khan

2. कनिष्क के शासनकाल के दौरान निम्नलिखित में से कौन सी बौद्ध संगीति आयोजित की गई थी ?
(A) पहली (B) दूसरी
(C) चौथी (D) पाँचवीं

Which of the following Buddhist Councils was held during the reign of Kanishka ?
(A) First (B) Second
(C) Fourth (D) Fifth

3. किस राजा के प्रशासन में "अष्टप्रधान" मंत्रिपरिषद पाई गई थी ?
(A) कृष्णदेव राय (B) चंद्रगुप्त मौर्य
(C) शिवाजी (D) अशोक

In administration of which King, "Astapradhan", the council of ministers was found ?
(A) Krishna Dev Ray
(B) Chandragupta Maurya
(C) Shivaji
(D) Ashoka

4. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के उस अधिवेशन के स्थान का नाम बताइए जहाँ 'पूर्ण स्वराज' को अपना अंतिम लक्ष्य घोषित किया गया था।
(A) लाहौर (B) कलकत्ता
(C) बंबई (D) सूरत

Name the venue of the session of the Indian National Congress where 'Poorna Swaraj' was declared as its ultimate goal.
(A) Lahore (B) Calcutta
(C) Bombay (D) Surat

5. निम्नलिखित में से किस लड़ाई में मुख्य विरोधियों को सही ढंग से नहीं बताया गया है ?
(A) पानीपत की पहली लड़ाई – बाबर और इब्राहिम लोदी
(B) पानीपत की दूसरी लड़ाई – टीपू सुल्तान और मराठा
(C) हल्दीघाटी का युद्ध – महाराणा प्रताप और अकबर
(D) इनमें से कोई नहीं

In which of the following battles are the main opponents not correctly stated ?
(A) First Battle of Panipat – Babur and Ibrahim Lodhi
(B) Second Battle of Panipat – Tipu Sultan and Marathas
(C) Battle of Haldighati – Maharana Pratap and Akbar
(D) None of these

6. असहयोग आंदोलन क्यों बंद कर दिया गया ?
(A) चौरी–चौरा घटना के कारण
(B) काकोरी घटना के कारण
(C) लोगों की मौत के कारण
(D) जलियाँवाला बाग हत्याकांड के कारण

Why was the Non-Cooperation Movement called off ?
(A) Due to Chauri-Chaura Incident
(B) Due to Kakori Incident
(C) Due to death of people
(D) Due to Jallianwala bagh massacre

7. निम्नलिखित में से महात्मा गांधी का कौन सा सत्याग्रह नील कृषकों की समस्याओं से जुड़ा था ?
(A) खैड़ा सत्याग्रह (B) बारडोली सत्याग्रह
(C) चंपारण सत्याग्रह (D) दांडी मार्च

Which of the following Satyagrahas of Mahatma Gandhi was associated with the problems of Indigo farmers ?
(A) Khaira Satyagraha
(B) Bardoli Satyagraha
(C) Champaran Satyagraha
(D) Dandi March

Downloaded From www.exammix.com

8. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति को पद की शपथ दिलाता है ?
(A) लोक सभा अध्यक्ष
(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(C) भारत के प्रधानमंत्री
(D) भारत के उप–राष्ट्रपति
Who of the following administers the oath of office to the President ?
(A) Speaker of Lok Sabha
(B) Chief Justice of India
(C) Prime Minister of India
(D) Vice-President of India

9. भारत के संविधान में ______ अनुसूचियाँ हैं ।
The Constitution of India contains ______ schedules.
(A) 9 (B) 8
(C) 10 (D) 12

10. भारत के संविधान की प्रस्तावना को कहा जाता है
(A) आमुख
(B) प्रलेख
(C) राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत
(D) संविधान की मुख्य विशेषताएँ
The introduction of the Constitution of India is called
(A) Preamble
(B) Document
(C) Directive Principles of State Policy
(D) Main Features of the Constitution

11. लोक सभा के चुनाव के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम आयु क्या होनी चाहिए ?
(A) 25 साल (B) 35 साल
(C) 21 साल (D) इनमें से कोई नहीं
What should be the minimum age to qualify for election of the Lok Sabha ?
(A) 25 years (B) 35 years
(C) 21 years (D) None of these

12. ______ भारतीय संविधान में 'मौलिक अधिकार' की अवधारणा का स्रोत है ।
(A) यू.एस.ए.
(B) तत्कालीन यूएसएसआर
(C) यू.के.
(D) जापान
______ is the source of concept of 'Fundamental Right' in Indian Constitution.
(A) U.S.A. (B) Erstwhile USSR
(C) U.K. (D) Japan

13. भारतीय संविधान के स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श कहाँ से लिए गए थे ?
(A) फ्रांसीसी संविधान (B) ग्रीक संविधान
(C) रूसी संविधान (D) अमेरिकी संविधान
The ideals of Liberty, Equality and Fraternity of Indian Constitution were borrowed from the
(A) French Constitution
(B) Greek Constitution
(C) Russian Constitution
(D) American Constitution

14. निम्नलिखित में से कौन भारत के संविधान की मुख्य विशेषता <u>नहीं है</u> ?
(A) त्रिस्तरीय सरकार
(B) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
(C) राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत
(D) सबसे छोटा लिखित संविधान
Which one of the following is not a salient feature of the Constitution of India ?
(A) Three-tier government
(B) Universal adult franchise
(C) Directive Principles of State Policy
(D) Shortest Written Constitution

15. कैबिनेट मिशन योजना के तहत गठित अंतरिम सरकार का नेतृत्व किसने किया ?
(A) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) सरदार वल्लभभाई पटेल
(D) राजगोपालाचारी
Who headed the interim government formed under the Cabinet Mission Plan ?
(A) Dr. Rajendra Prasad
(B) Jawaharlal Nehru
(C) Sardar Vallabhbhai Patel
(D) Rajagopalachari

16. पंचायतों को संवैधानिक दर्जा किस अनुच्छेद के तहत दिया गया था ?
(A) अनुच्छेद 223 (B) अनुच्छेद 236
(C) अनुच्छेद 243 (D) इनमें से कोई नहीं
Under which article constitutional status was given to panchayats ?
(A) Article 223 (B) Article 236
(C) Article 243 (D) None of these

17. वन अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है ?
(A) दिल्ली (B) भोपाल
(C) देहरादून (D) मुंबई
Where is the Forest Research Institute located ?
(A) Delhi (B) Bhopal
(C) Dehradun (D) Mumbai

18. भारत में एक वित्तीय वर्ष की अवधि है
(A) 1 जनवरी – 31 दिसंबर
(B) 1 मार्च – 30 अप्रैल
(C) 1 अप्रैल – 31 मार्च
(D) इनमें से कोई नहीं
The period of a Financial Year in India is
(A) 1st January – 31st December
(B) 1st March – 30th April
(C) 1st April – 31st March
(D) None of these

19. बंदी प्रत्यक्षीकरण भारतीय संविधान के किस भाग से संबंधित है ?
(A) प्रस्तावना
(B) मौलिक कर्तव्य
(C) राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत
(D) मौलिक अधिकार
Habeas Corpus is associated with which part of the Indian Constitution ?
(A) Preamble
(B) Fundamental Duties
(C) Directive Principles of State Policy
(D) Fundamental Rights

20. निम्नलिखित में से किस स्थान पर भागीरथी और अलकनंदा नदी मिलकर गंगा नदी का निर्माण करती हैं ?
(A) कर्ण प्रयाग (B) देव प्रयाग
(C) रुद्र प्रयाग (D) गंगोत्री
At which of the following places, do Bhagirathi and Alaknanda River join to form Ganga River ?
(A) Karna Prayag (B) Dev Prayag
(C) Rudra Prayag (D) Gangotri

21. बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है ?
(A) राजस्थान (B) आंध्र प्रदेश
(C) असम (D) कर्नाटक
Where is the Bandipur National Park located ?
(A) Rajasthan
(B) Andhra Pradesh
(C) Assam
(D) Karnataka

22. निम्नलिखित में से कौन वायु प्रदूषक नहीं है ?
(A) कणिकीय पदार्थ
(B) ऑक्सीजन
(C) सल्फर डाइऑक्साइड
(D) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
Which among the following is not an air pollutant ?
(A) Particulate matter
(B) Oxygen
(C) Sulphur dioxide
(D) Nitrogen dioxide

23. किस रक्त समूह को सार्वत्रिक दाता कहा जाता है ?
Which blood group is called a universal donor ?
(A) A (B) B
(C) AB (D) O

24. निम्नलिखित में से कौन सी संस्था भारत में मौद्रिक नीति बनाती है ?
(A) भारत सरकार (B) आरबीआई
(C) एसबीआई (D) राज्य सरकारें
Which of the following institutions, formulates monetary policy in India ?
(A) Government of India
(B) RBI
(C) SBI
(D) State governments

25. पौधे का नर प्रजनन अंग कौन सा है ?
(A) पुंकेसर (B) स्त्रीकेसर
(C) अंडाशय (D) इनमें से कोई नहीं
Which is the male reproductive organ of the plant ?
(A) Stamen (B) Pistil
(C) Ovary (D) None of these

26. त्वचा की सबसे ऊपरी परत को क्या कहते हैं ?
(A) अधिचर्म (B) उपकला
(C) अधिकेंद्र (D) एपिटोम
The uppermost layer of skin is called as
(A) Epidermis (B) Epithelium
(C) Epicentre (D) Epitome

27. धातुएँ विद्युत की सुचालक क्यों होती हैं ?
(A) इनमें मुक्त इलेक्ट्रॉन होते हैं।
(B) परमाणु हल्के ढंग से पैक होते हैं।
(C) इनका गलनांक उच्च होता है।
(D) यह सभी

Why are metals good conductors of electricity ?
(A) They contain free electrons
(B) The atoms are lightly packed
(C) They have high melting point
(D) All of these

28. उस योजना का नाम क्या है जिसके तहत भारत की पहली गैर-सरकारी ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ?
(A) भारत उज्ज्वल योजना
(B) भारत गौरव योजना
(C) भारत निर्मल योजना
(D) भारत उत्सव योजना

What is the name of the scheme under which India's first private train service flagged off ?
(A) Bharat Ujjwal Scheme
(B) Bharat Gaurav Scheme
(C) Bharat Nirmal Scheme
(D) Bharat Utsav Scheme

29. निम्नलिखित में से किस केंद्रीय मंत्रालय ने "लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना" (SHRESTHA) योजना शुरू की ?
(A) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
(B) शिक्षा मंत्रालय
(C) महिला और बाल विकास मंत्रालय
(D) जनजातीय मामलों के मंत्रालय

Which of the following Union Ministries launched the "Scheme for Residential Education for Students in High Schools in Targeted Areas" (SHRESTHA) scheme ?
(A) Ministry of Social Justice and Empowerment
(B) Ministry of Education
(C) Ministry of Women and Child Development
(D) Ministry of Tribal Affairs

30. निम्नलिखित में से किस राज्य में सबसे पहले संपूर्ण साक्षरता अभियान (TLC) शुरू किया गया था ?
(A) केरल (B) महाराष्ट्र
(C) पश्चिम बंगाल (D) कर्नाटक

Total Literacy Campaign (TLC) was started first in which of the following states ?
(A) Kerala (B) Maharashtra
(C) West Bengal (D) Karnataka

31. आयुष्मान भारत योजना के तहत भारत के पहले स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण केंद्र का उद्घाटन किस स्थान पर किया गया ?
(A) वाराणसी (B) बीजापुर
(C) गोधरा (D) विदिशा

India's first health care and wellness centre under Ayushman Bharat Yojana was inaugurated at which place ?
(A) Varanasi (B) Bijapur
(C) Godhra (D) Vidisha

32. भारत ने कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ________ का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
(A) पृथ्वी-1 (B) पृथ्वी-2
(C) पृथ्वी-3 (D) इनमें से कोई नहीं

India successfully tests short-range Ballistic Missile ________.
(A) Prithvi-1 (B) Prithvi-2
(C) Prithvi-3 (D) None of these

33. निम्नलिखित में से कौन सा देश, भारत के साथ महत्त्वपूर्ण खनिज निवेश साझेदारी में 5.8 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हुआ है ?
(A) ऑस्ट्रेलिया (B) यूएसए
(C) जापान (D) इनमें से कोई नहीं

Which among the following countries, has committed to invest USD 5.8 million to the Critical Minerals Investment Partnership with India ?
(A) Australia (B) USA
(C) Japan (D) None of these

34. दुनिया का सबसे तेज सुपर-कंप्यूटर 'फ्रंटियर' किस देश में विकसित किया गया है ?
(A) यूके (B) रूस
(C) चीन (D) यूएसए

Frontier, the world's fastest supercomputer, is developed in which country ?
(A) UK (B) Russia
(C) China (D) USA

35. जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय, दुनिया में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश में ________ में स्थित है।
(A) चित्रकूट (B) कानपुर
(C) लखनऊ (D) बाराबंकी
Jagadguru Rambhadracharya Handicapped University, the first university of the kind in the world. is located at in Uttar Pradesh.
(A) Chitrakoot (B) Kanpur
(C) Lucknow (D) Barabanki

36. निम्नलिखित में से कौन सा कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए शुरू किया गया था ?
(A) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
(B) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)
(C) प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना
(D) ये सभी
Which of the following programs was initiated by the Government of India for rural development ?
(A) National Rural Livelihood Mission
(B) Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA)
(C) Pradhan Mantri Grameen Awaas Yojana
(D) All of these

37. 2022 तक किसान की आय दोगुनी करने के लिए निम्नलिखित में से किस समिति का गठन किया गया है ?
(A) अशोक मेहता समिति
(B) नरेश चंद्र समिति
(C) सच्चर समिति
(D) अशोक दलवई समिति
Which of the following committees has been constituted for doubling Farmer's income by 2022 ?
(A) Ashok Mehta Committee
(B) Naresh Chandra Committee
(C) Sachar Committee
(D) Ashok Dalwai Committee

38. निम्नलिखित में से कौन पुरा योजना से संबंधित है ?
(A) ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएँ प्रदान करना
(B) शहरी क्षेत्रों से प्रदूषण को खत्म करना
(C) ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करना
(D) इनमें से कोई नहीं
Which of the following is related to PURA scheme ?
(A) Providing urban amenities in Rural areas
(B) Eliminating pollution from urban areas
(C) Providing employment in rural areas
(D) None of these

39. उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद किसके लिए प्रसिद्ध है ?
(A) मिट्टी के बर्तन (B) काँच की चूड़ियाँ
(C) सीमेंट (D) मीनाकारी काम
Firozabad in Uttar Pradesh is famous for
(A) Pottery (B) Glass bangles
(C) Cement (D) Minakari work

40. $2\frac{1}{7} + 4\frac{1}{3} + 5\frac{1}{7} = ?$
(A) $9\frac{1}{19}$ (B) $12\frac{15}{19}$
(C) $11\frac{2}{19}$ (D) $11\frac{13}{21}$

41. किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य की उत्पत्ति उत्तर प्रदेश से हुई है ?
(A) कुचिपुड़ी (B) कथक
(C) कथकली (D) भरतनाट्यम
Which Indian Classical Dance is originated from Uttar Pradesh ?
(A) Kuchipudi (B) Kathak
(C) Kathakali (D) Bharatnatyam

42. उत्तर प्रदेश में प्रमुख रबी फसलें कौन सी हैं ?
(A) गेहूँ, चना, मटर, जौ
(B) गेहूँ, मक्का, जौ, अलसी
(C) गेहूँ, कपास, गन्ना, मक्का
(D) ये सभी
Which are major rabi crops in Uttar Pradesh ?
(A) Wheat, Gram, Pea, Barely
(B) Wheat, Maize, Barely, Flax-seeds
(C) Wheat, Cotton, Sugarcane, Maize
(D) All of these

43. प्रमुख आभूषण बाजार उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है ?
(A) मेरठ (B) कानपुर
(C) आगरा (D) इनमें से कोई नहीं
The leading jewellery market is located in which city of Uttar Pradesh ?
(A) Meerut (B) Kanpur
(C) Agra (D) None of these

Downloaded From www.exammix.com

44. $\frac{14^2-4^2}{18^2-3^2}$ का मूल्य =

The value of $\frac{14^2-4^2}{18^2-3^2}=$

(A) $\frac{5}{7}$

(B) $\frac{4}{7}$

(C) $\frac{3}{7}$

(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

45. एक सेकंड, एक घंटे का कितना दशमलव होता है ?
What Decimal of an hour is a second ?
(A) .0025 (B) .0256
(C) .00027 (D) .000126

46. प्रथम पाँच अभाज्य संख्याओं का योग ________ होता है ।
The sum of first five prime numbers is ________
(A) 11 (B) 18 (C) 26 (D) 28

47. एक परीक्षा में, 70% अभ्यर्थी भौतिकी में उत्तीर्ण हुए और 80% अभ्यर्थी तर्क में उत्तीर्ण हुए । यदि इन दोनों विषयों में 55% अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, तो दोनों विषयों में कितने प्रतिशत अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हुए ?
In an exam, 70% candidates passed in physics and 80% candidates passed in reasoning. If 55% candidates passed in both these subjects, what percent of candidates failed in both subjects ?
(A) 5%
(B) 15%
(C) 25%
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

48. 10 और 40 के बीच सभी अभाज्य संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए ।
Find the average of all prime numbers between 10 and 40.
(A) 22.5 (B) 23
(C) 23.8 (D) 24.6

49. हल कीजिए :
Solve :
$323.46 + 23.04 - 43.17 - ? = 303$
(A) 0.33 (B) 1.33
(C) 1.23 (D) 0.21

**(Q. 50 to Q. 52) :**
परीक्षा में 100 छात्रों द्वारा संस्कृत और कंप्यूटर में प्राप्त अंकों के आधार पर वर्गीकरण नीचे दिया गया है :

| विषय | 50 में से अंक | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 40 और अधिक | 30 और अधिक | 20 और अधिक | 10 और अधिक | 0 और अधिक |
| संस्कृत | 9 | 32 | 80 | 92 | 100 |
| कंप्यूटर | 4 | 21 | 66 | 81 | 100 |
| औसत (कुल) | 7 | 27 | 73 | 87 | 100 |

Classification of 100 students based on the marks obtained by them in Sanskrit and Computer in the examination is given below :

| Subject | Marks out of 50 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 40 and above | 30 and above | 20 and above | 10 and above | 0 and above |
| Sanskrit | 9 | 32 | 80 | 92 | 100 |
| Computer | 4 | 21 | 66 | 81 | 100 |
| Average (Aggregate) | 7 | 27 | 73 | 87 | 100 |

50. यदि संस्कृत में उच्च अध्ययन के लिए संस्कृत में कम से कम 60% अंक आवश्यक हैं, तो कितने छात्र संस्कृत में उच्च अध्ययन के लिए पात्र होंगे ?
If at least 60% marks in Sanskrit are required for pursuing higher studies in Sanskrit, how many students will be eligible to pursue higher studies in Sanskrit ?
(A) 32 (B) 80 (C) 92 (D) 9

51. कुल मिलाकर कम से कम 40% अंक प्राप्त करने वालों की तुलना में कंप्यूटर में कम से कम 60% अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या का प्रतिशत लगभग कितना है ?
The percentage of number of students getting at least 60% marks in Computer over those getting at least 40% marks in aggregate is approximately ?
(A) 29% (B) 35% (C) 41% (D) 46%

52. कंप्यूटर में 40% से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या है ?
The number of students scoring less than 40% marks in Computer are
(A) 20 (B) 34 (C) 27 (D) 44

53. निम्नलिखित में से किस फंक्शन की का प्रयोग चयनित आइटम का नाम बदलने के लिए किया जाता है ?

Which of the following function key is used to rename the selected item ?

(A) F1 (B) F3 (C) F2 (D) F4

54. दस्तावेज़ का प्रिंट लेने से पहले एक प्रमुख कदम है

(A) दस्तावेज़ को अनसेव करना

(B) पेपर सेटिंग सेट करना

(C) डोक्युमेंट का प्रिंट प्रिव्यु देखना

(D) (B) और (C) दोनों

Which among the following is a major step before taking print of the document ?

(A) To unsave the document

(B) To set paper setting

(C) To see print preview of the document

(D) Both (B) and (C)

55. MS-वर्ड में, एक कैरेक्टर को आगे ले जाने के लिए किस कीबोर्ड की का उपयोग किया जाता है ?

(A) अप ऐरो (B) डाउन ऐरो

(C) लेफ्ट ऐरो (D) राईट ऐरो

In MS-Word, which keyboard key is used to move one character next ?

(A) Up Arrow (B) Down Arrow

(C) Left Arrow (D) Right Arrow

56. स्प्रैडशीट में जटिल गणनाओं को सेट करने का एक आसान तरीका क्या है ?

(A) दशमलव (B) भिन्न

(C) बूलियन (D) फंक्शनस

What is an easier way to set up complicated calculations in spreadsheet ?

(A) Decimals (B) Fractions

(C) Booleans (D) Functions

57. पावरपोईंट में स्लाइड में हाइपरलिंक डालने की शॉर्टकट कुंजी क्या है ?

What is the shortcut key to insert a hyperlink in the slide in PowerPoint ?

(A) Ctrl + H

(B) Ctrl + K

(C) Ctrl + A

(D) हाइपरलिंक सम्मिलित करना संभव नहीं है/ Not possible to insert Hyperlink

58. नगरपालिका प्रशासन की एक विस्तृत प्रणाली की स्थापना के लिए निम्नलिखित में से सबसे प्रसिद्ध राजा का नाम बताइए ।

(A) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य

(B) चंद्रगुप्त मौर्य

(C) कनिष्क

(D) अकबर

Name the most famous king from the following for the establishment of an elaborate system of municipal administration.

(A) Chandragupta Vikramaditya

(B) Chandragupta Maurya

(C) Kanishka

(D) Akbar

59. 'वेदों की ओर लौटो' या 'वेदों की ओर वापस जाओ' का नारा किसने दिया ?

(A) राजा राममोहन राय

(B) दयानंद सरस्वती

(C) विवेकानंद

(D) रामकृष्ण परमहंस

Who gave the slogan 'Return to Vedas' or 'Go back to Vedas' ?

(A) Raja Ram Mohan Roy

(B) Dayanand Saraswati

(C) Vivekananda

(D) Ramkrishna Paramhansa

60. राजा कनिष्क के शासनकाल के दौरान दरबारी चिकित्सक का नाम बताइए ।

(A) सुश्रुत (B) कश्यप

(C) चरक (D) पतंजलि

Name the court physician during the reign of King Kanishka.

(A) Sushrut (B) Kashyap

(C) Charak (D) Patanjali

61. एक "पत्र" में विषय ______ तुरंत लिखा जाता है ।
(A) अभिवादन से पहले (B) अभिवादन के बाद
(C) हस्ताक्षर के बाद (D) पत्र की पहली पंक्ति
In a "letter" the subject is written immediately
(A) Before salutation
(B) After salutation
(C) After signature
(D) The first line of the letter

62. आंतरिक प्रशासन के लिए निर्देश जारी करने के लिए आमतौर पर संचार के किस माध्यम का उपयोग किया जाता है, उदाहरण के लिए, नियमित छुट्टी का अनुदान ?
(A) अधिसूचना (B) मिनट्स
(C) कार्यालय आदेश (D) प्रस्ताव
What mode of communication is normally used for issuing instructions meant for internal administration, e.g., grant of regular leave ?
(A) Notification (B) Minutes
(C) Office Order (D) Resolution

63. केंद्र सरकार में आधिकारिक संचार के लिए लिखित संचार के कितने रूपों का उपयोग किया जाता है ?
How many forms of written communication are used for official communication in the Central Government ?
(A) 7
(B) 11
(C) 21
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

64. केंद्र सरकार में "पत्र" लिखते समय इस्तेमाल किया जाने वाला अभिवादन है
(A) सर/मैडम
(B) प्रिय सर/मैडम
(C) मेरे प्रिय सर/मैडम
(D) आदरणीय सर/मैडम
Salutation to be used while writing a 'Letter' in Central Government
(A) Sir/Madam
(B) Dear Sir/Madam
(C) My dear Sir/Madam
(D) Respected Sir/Madam

65. निम्न में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है ?
(A) वचन (B) प्रहार
(C) कुण्डली (D) सर्प

66. 'नमक मिर्च लगाना' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए ।
(A) तीखा होना
(B) बढ़ा-चढ़ा कर कहना
(C) मसाला डालना
(D) इनमें से कोई नहीं

67. 'सावन हरे ना भादों सूखे' कहावत का अर्थ बताइये ।
(A) सदा एकसमान रहना
(B) मौसम का बदलना
(C) बारिश का न होना
(D) कभी-कभी बदलना

68. 'जिसने ऋण चुका दिया हो' – इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइये ।
(A) ऋणी (B) उऋण
(C) कृतज्ञ (D) कर्ज़दार

69. व्याकरण की दृष्टि से निम्न में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(A) तूने कहाँ जाना है ?
(B) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं ।
(C) शीला प्रतिदिन स्कूल जाती है ।
(D) उसका प्राण पखेरू उड़ गया ।

70. निम्नलिखित में 'दिन' शब्द का श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द कौन सा है ?
(A) हीन (B) शीन
(C) दीन (D) दान

71. 'निरक्षर' का विलोम शब्द चुनिए ।
(A) अक्षर (B) साक्षर
(C) अनपढ़ (D) इनमे से कोई नहीं

72. 'आँख' शब्द का पर्यायवाची बताइए ।
(A) अक्स (B) नजरिया
(C) लोचन (D) इनमे से कोई नहीं

73. 'सत्यार्थी' शब्द का सही संधि-विच्छेद बताइए ।
(A) सत + अर्थी (B) स + अत्यार्थी
(C) सत्य + अर्थी (D) सता + अर्थी

74. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given Hindi translation from the following options :
The corrected copy is put up for signature.
(A) संशोधित प्रति हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है ।
(B) जाँची हुई प्रति हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है ।
(C) बदली हुई प्रति हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत है ।
(D) इनमें से कोई नहीं

75. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given Hindi translation from the following options :
Advertisement for the same is released on Monday.
(A) इसके लिए विज्ञापन सोमवार को जारी है ।
(B) इसके लिए विज्ञापन सोमवार को जारी किया गया है ।
(C) इसके लिए विज्ञापन सोमवार को जारी किया जायेगा ।
(D) इनमें से कोई नहीं

76. कृपण तथा कृपाण शब्दों के क्रमशः अर्थ हैं
(A) धनवान तथा कटार (B) कंजूस तथा कटार
(C) कृपालु तथा कटार (D) कटार तथा कंजूस

77. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given Hindi translation from the following options :
Healthy mind lives in healthy body.
(A) स्वस्थ मन में स्वस्थ शरीर रहता है ।
(B) स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर में रहता है ।
(C) स्वस्थ मन में अस्वस्थ शरीर रहता है ।
(D) इनमें से कोई नहीं

78. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given Hindi translation from the following options :
Authentication
(A) औद्योगीकरण (B) नवीनीकरण
(C) अमानकीकुरण (D) प्रमाणीकरण

79. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए हिंदी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given Hindi translation from the following options :
It is communicated through notification.
(A) यह अधिसूत्रना के माध्यम से संसूचित किया जाता है ।
(B) यह विज्ञप्ति के माध्यम से संसूचित किया जाता है ।
(C) यह परिपत्रु के माध्यम से संसूचित किया जाता है ।
(D) इनमें से कोई नहीं

80. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए अंग्रेजी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given English translation from the following options :
आधिकारिक पत्रों को सभी पहलुओं में शुद्धता, संक्षिप्तता और स्पष्टता का अच्छा मिश्रण माना जाता है ।
(A) The official letters are supposed to be fine blend of correctness, conciseness and clarity in all aspects
(B) The official letters are fine blend of correctness, conciseness and clarity in all aspects.
(C) The official letters have to be fine blend of correctness, conciseness and clarity in all aspects.
(D) The official letters are supposed to be fine blend of correctness, conciseness and clarity in only one aspect.

81. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए अंग्रेजी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given English translation from the following options :
वे जानकारी को गोपनीय रखने के लिए लिखे गए हैं ।
(A) They are not written to keep the information confidential.
(B) They are written to keep the information non-confidential.
(C) They are written to keep the information confidential.
(D) They are written to keep the important information confidential.

82. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए अंग्रेजी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given English translation from the following options :
सरकारी एजेंसियों के लिए पत्राचार कोई मामूली बात नहीं है ।
(A) Correspondence is a minor matter for government agencies.
(B) Correspondence is no minor matter for non-government agencies.
(C) Correspondence is must for government agencies.
(D) Correspondence is no minor matter for government agencies.

83. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए अंग्रेजी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given English translation from the following options :
पत्राचार सरकारों और ग्राहकों के बीच बातचीत के प्रमुख बिंदुओं में से एक है ।
(A) Correspondence is not one of the key points of interaction between governments and customers.
(B) Correspondence is one of the key points of relation between governments and customers.
(C) Correspondence is one of the key points of interaction between governments and customers.
(D) Communication is one of the key points of interaction between governments and customers.

84. निम्नलिखित विकल्पों में से सही दिए गए अंग्रेजी अनुवाद का चयन कीजिए :
Choose the correct given English translation from the following options :
पत्राचार एक उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव बना या बिगाड़ सकता है ।
(A) Correspondence cannot make an excellent customer experience.
(B) Correspondence can break an excellent customer experience.
(C) Correspondence can make or break an excellent customer experience.
(D) Non-correspondence can make or break an excellent customer experience.

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (Q. 85-89)**

तकनीकी सक्रियता के बाद, अब 'सोशल मीडिया सक्रियता' आज की पीढ़ी के लिए एक पर्याय बन गई है । आज लगभग तीन में से दो भारतीय अलग-अलग सोशल नेटवर्किंग साइटों जैसे कि फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, पिन्ट्रेस्ट आदि पर ऑनलाइन रहकर अपना समय बिताते हैं ।

सोशल मीडिया न केवल आप और मुझ तक ही सीमित है बल्कि इसके दायरे में राजनेता भी शामिल हैं । यह उम्मीद की जाती है कि सोशल मीडिया, आने वाले समय के आम चुनावों को काफी हद तक प्रभावित करने में एक बेहतर भूमिका निभाएगा ।

कई शोधकर्ताओं ने यह निर्देशित किया है कि टेलीविजन की तुलना में सोशल मीडिया लोगों को प्रभावित करने में एक सबसे मजबूत और अधिक प्रेरणादायक माध्यम होगा । भारत में उपभोक्ता बाजार और व्यापार में सोशल मीडिया की भूमिका को कम नहीं आँका जा सकता । फेसबुक, व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए, सोशल मीडिया का सबसे महत्त्वपूर्ण प्लेटफॉर्म या मंच है जो लोगों को अपने साथ जोड़ता है क्योंकि इससे ग्राहकों द्वारा ट्विटर, यूट्यूब और ब्लागिंग आदि का अनुगमन किया जाता है ।

विज्ञापनों के लिए सोशल मीडिया एक अनोखा जरिया बन गया है । ये कंपनियाँ नए कर्मचारियों और उनकी कुशलता को खोजने के लिए लिंक्डइन, फेसबुक और ट्विटर का उपयोग कर रही हैं । यह सोशल मीडिया एक ओर इतनी विशेषताओं से ओत-प्रोत है दूसरी ओर इसके नकारात्मक प्रभाव भी हमसे छिपे नहीं हैं । । जहाँ सोशल मीडिया आज के समय में मनुष्य की आवश्यकता बन गया है, वहीं इसके दुष्परिणाम भी बहुत दिख रहे हैं । व्यक्ति सोशल मीडिया की वर्चुअल दुनिया में जकड़ा हुआ है । इसकी वजह से परिवारों का विघटन, पति-पत्नी में आपसी कलह तक के मामले सामने आ रहे हैं । बच्चे अब मैदान में खेलने की बजाय मोबाइल पर खेल रहे हैं । बच्चे सोशल मीडिया के कारण मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं । कॉलेज में पढ़ाई के समय में भी बच्चे मोबाइल साथ रखते हैं, जिससे पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है ।

85. अनुच्छेद के आधार पर बताइए कि भारत में सोशल मीडिया इतना लोकप्रिय क्यों हो रहा है ? आपकी दृष्टि में इसका प्रमुख कारण है –

(A) यह मनोरंजन का बहुत ही अच्छा साधन है और इसीलिए इतना लोकप्रिय हो गया है ।

(B) इसकी लोकप्रियता राजनेताओं के प्रवेश के कारण बढ़ गई है ।

(C) इंटरेक्शन, लाइव चैट, स्टेटस अपडेट्स, इमेज तथा वीडियो-शेयरिंग जैसे कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं के कारण इसकी लोकप्रियता बढ़ गई है । यह मनोरंजन के साथ-साथ कमाई के अवसर भी देता है ।

(D) स्मार्ट मोबाइल और कम्प्यूटर के आने से नई -पीढ़ी में इसकी लोकप्रियता बढ़ गई है । सरकार ने नेट के चार्जेज सस्ते कर दिए हैं और समय गुजारने के लिए यह बहुत ही अच्छा साधन बन गया है ।

86. उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर सोशल मीडिया के विषय में आपकी दृष्टि में कौन सा कथन सर्वोपयुक्त है ?

(A) सोशल मीडिया केवल समय की बर्बादी है और नई पीढ़ी को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है ।

(B) सोशल मीडिया के द्वारा राजनेता अपने वोट बैंक को बढ़ाते हैं और भ्रष्टाचारी लोग अपने ग्रुप बनाकर हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ करते हैं । आतंकवाद बढ़ाने में भी इसका योगदान है ।

(C) सोशल मीडिया जीवन के लगभग सभी पहलुओं को प्रभावित करता है । यह मनोरंजन के साथ-साथ कमाई के अवसर भी देता है । समय के बदलाव के साथ में हमें इसे स्वीकार कर लेना चाहिए ।

(D) सोशल मीडिया बहुत ही ख़राब चीज़ है । लोगों के अकाउंट हैक होते हैं, समय की बर्बादी होती है और बिना बात में धन-हानि भी होती है ।

87. आपकी दृष्टि में सोशल मीडिया के सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव कौन से हो सकते हैं ? सबसे प्रबल तर्क चुनिए ।

(A) सोशल मीडिया सत्य और असत्य में भेद नहीं कर पाता और फॉलोवर्स की संख्या के आधार पर लोगों की चित्तवृत्ति को प्रभावित करता है ।

(B) आतंकवादी और अन्य विध्वंसक तत्त्व इसका उपयोग करके देश और मानवता विरोधी गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं ।

(C) लोगों की छोटी सी भूल और लालच उनके बैंक की राशि को गायब कर सकने में समर्थ होते हैं । धोखाधड़ी की भी संभावना रहती है ।

(D) मनुष्य सोशल मीडिया की वर्चुअल दुनिया में जकड़ा हुआ है । इसकी वजह से परिवारों का विघटन, पति-पत्नी में आपसी कलह तक के मामले सामने आ रहे हैं ।

88. आपकी दृष्टि से विज्ञापनों के लिए सोशल मीडिया एक अनोखा जरिया कैसे बन गया है ? सबसे सबल तर्क कौन सा हो सकता है ?

(A) आज लोग बाहर के नए उत्पादों को खरीदने में रुचि लेते हैं ।

(B) समाचार-पत्रों में अब ज्यादा विज्ञापन नहीं निकलते हैं और केवल सरकारी विज्ञापन ही आते हैं ।

(C) आज पूरा विश्व एक बाजार बन गया है और आप अपना सामान घर बैठे खरीद-बेच सकते हैं ।

(D) आज भारत और विश्वभर की कम्पनियाँ नए कर्मचारियों और उनकी कुशलता को खोजने के लिए लिंक्डइन, फेसबुक और ट्विटर का उपयोग कर रही हैं । आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस द्वारा कम्पनियाँ अपने ग्राहकों तक पहुँच जाती हैं ।

89. आपकी दृष्टि में कॉलेजों में छात्रों को पढ़ाई के समय मोबाइल साथ में रखने की अनुमति देना कहाँ तक उचित है ? आप किस विकल्प से सहमत हैं ?

(A) अब समय में बदलाव आ रहा है और साथ रखे मोबाइल द्वारा विषयों के अध्ययन में मदद मिलती है।

(B) नहीं, यह बिलकुल भी उचित नहीं जान पड़ता है, क्योंकि पढ़ाई के बीच सोशल मीडिया आ जाने पर छात्रों का ध्यान अध्यापक की बात से हटकर अन्यत्र चला जाता है।

(C) कॉलेज के छात्र पर्याप्त परिपक्व हो जाते हैं और अपना भला-बुरा समझते हैं। मोबाइल या लैपटॉप पढ़ाई के साधन हैं और उन्हें साथ में रखे जाने से कोई बाधा नहीं आएगी।

(D) मोबाइल साथ में रखे जाने से अनेक उपद्रवी छात्र भौतिक रूप से कक्षा में होते हुए भी मानसिक रूप से कक्षा में नहीं रहेंगे। पढ़ाई में ध्यान नहीं लगेगा और अनुशासनहीनता उत्पन्न होगी। छात्र यदि मोबाइल लाते हैं, तो भी पढ़ाई के समय उसे स्विच-ऑफ़ किया जाना चाहिए।

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (Q. 90-94)**

आजकल मनुष्य का जीवन कुछ अलग रूप में करवट ले रहा है। शारीरिक श्रम की कमी, अनियमित जीवनशैली, अनियमित नींद, सादा खान-पान का अभाव, मोबाइल, कम्प्यूटर और टेलीविजन में व्यस्तता, समस्याएँ और तनाव, फेसबुक पर हज़ारों मित्र होते हुए भी सच्चे मित्रों और सम्बन्धियों की कमी, अकेलापन और तनावग्रस्त जीवन – ये घर-घर की कहानी बनती जा रही है।

विज्ञापन हमारी मानसिक शांति और संतुष्टि को हमसे दूर कर रहे हैं। पड़ोसियों और रिश्तेदारों के साथ होड़ भी हमारी अशांति का कारण है। आध्यात्मिकता का अभाव, ईश्वर में विश्वास का न होना, असंतोष, अतृप्ति और धोखाधड़ी हर दिन बढ़ रहे हैं। नीतिगत मूल्यों का ह्रास हो रहा है। सरलता को मूर्खता कहा जाता है और धोखाधड़ी को चतुराई।

शरीर, मन और आत्मा के मध्य का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। दूसरों को नीचा दिखाकर हम अपना कद बढ़ा रहे हैं। योग, व्यायाम और मैदान के खेलकूद धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। लोगों के घर पहले से ज्यादा बड़े हुए हैं; पर हमारे दिल छोटे होते जा रहे हैं। माँ प्रकृति से हम दूर होते चले जा रहे हैं।

शिक्षकों को मोटी तनख़्वाह चाहिए; परन्तु जीवन मूल्यों से अपने आपको और अपने छात्रों को दूर ही रखना है। इंजीनियर को भी घोटाले ज्यादा पसंद आते हैं जिससे ज्यादा पैसा बने। आई टी से जुड़े लोग, एम बी ए और अन्य सभी को भी व्हाइट कॉलर जॉब ही पसंद हैं। पैसे वालों के बच्चों की परवरिश दूसरे लोग कर रहे हैं।

माँ – बाप दोनों के पास बच्चों के लिए समय नहीं है। भ्रष्टाचार द्वारा उपार्जित धन से लोग अपने कल्याण की चाह रखते हैं। बूढ़े माँ-बाप को वृद्धाश्रम भेजने वाले लोग भविष्य में अपनी संतान द्वारा सेवा और सद्व्यवहार की कामना कर रहे हैं।

रक्तचाप, मधुमेह, लिवर और किडनी के रोग, थाइरॉइड, अनेक प्रकार के कैंसर, आदि अनेक रोग अल्पायु में ही हो रहे हैं। क्या हमारे पास इतना समय नहीं है कि हम कभी इन सभी के कारणों और समाधानों के बारे में सोचें ?

90. उपरिलिखित अनुच्छेद के आधार पर अपना अभिमत बताएँ कि आज हम संतुष्ट और सुखी क्यों नहीं हैं ?

(A) हम आज जीवन जीने की कला भूल चुके हैं और जीवन की दौड़ में पिछड़ जाने का डर हमें सुख और संतुष्टि से दूर रखे हुए है ।

(B) आज के समाज में गलत खान–पान और अनियमित जीवन शैली से बीमारियाँ बढ़ती जा रही हैं ।

(C) आज के समय में समस्याएँ बहुत बढ़ गई हैं । इस कारण हम सुखी और संतुष्ट नहीं हो पा रहे हैं ।

(D) समाज में मँहगाई और भ्रष्टाचार होने से हम सुखी और संतुष्ट नहीं हैं ।

91. योग, व्यायाम और मैदान के खेलकूदों के गायब होने के कारण हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? अनुच्छेद के आधार पर आपकी दृष्टि में सबसे सही विकल्प कौन सा हो सकता है ?

(A) बच्चों को शारीरिक विकास के उचित अवसर नहीं मिलते ।

(B) बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास में परेशानी हो रही है ।

(C) प्रकृति का सामीप्य न मिलने से बच्चों और बड़ों का सर्वविद् विकास नहीं हो पा रहा है । अनेक प्रकार की बीमारियाँ शरीर में घर करने लगती हैं ।

(D) अनिद्रा और अपचन जैसे रोग जन्म लेते हैं ।

92. अनुच्छेद के अनुसार आपकी दृष्टि में जीवन में बढ़ने वाले तनाव का कौन सा कारण सबसे प्रमुख है, जो हमें सुख और संतुष्टि से दूर रखे हुए है ?

(A) मँहगाई और भ्रष्टाचार

(B) पति–पत्नी की व्यस्तता और आपसी व्यवहार, जीवन की दौड़ में पिछड़ जाने का डर

(C) शरीर में होने वाले अनेक प्रकार के रोग

(D) मोबाइल और टेलीविज़न का अत्यधिक प्रयोग

93. अनुच्छेद के परिप्रेक्ष्य में आज की बदलती जीवन शैली का सबसे प्रमुख कारण आपके अनुसार कौन सा हो सकता है ?

(A) मुक्त जीवन जीने की इच्छा

(B) संवेदनहीनता, ज्यादा से ज्यादा धनार्जन और अधिकाधिक सुखसाधन एकत्रित कर लेने की होड़

(C) परिवार को ज्यादा सुख देने की भावना

(D) जीवन में आगे बढ़ने की चाहत

94. मोबाइल, कम्प्यूटर और टेलीविजन में अत्यधिक व्यस्तता हमारे जीवन को किस रूप में सर्वाधिक प्रभावित करती है ?

(A) व्यर्थ में समय नष्ट होता है और जरूरी काम नहीं हो पाते हैं ।

(B) लम्बे समय तक टेलीविज़न, कम्प्यूटर और सोशल मीडिया में व्यस्त होने पर व्यक्ति वास्तविक दुनियाँ से दूर की दुनियाँ में जीने लगता है । उसका स्वास्थ्य चौपट होने लगता है ।

(C) अनेक प्रकार के शारीरिक और मानसिक रोग से मुक्ति होती हैं ।

(D) जीवन की थकान और तनावों से मुक्ति होती है और मनोरंजन भी होता रहता है ।

95. "DO लेटर" का पूर्ण रूप है

(A) डिस्ट्रिक्ट–ऑफिसर्स लेटर

(B) डेमी–ऑफिसियल लेटर

(C) डियर–ऑफिसर्स लेटर

(D) ड्युअल–ऑफिसियल लेटर

The full form of the DO letter is

(A) District-Officers Letter

(B) Demi-Official Letter

(C) Dear-Officers Letter

(D) Dual-Official Letter

96. डीओ पत्र में अधिक्रमण लिखने का सही तरीका क्या हैं ?

(A) _____ भवदीय (B) _____ अपना

(C) _____ आभारी (D) इनमें से कोई नहीं

What is the correct way to write the supersession in a DO letter ?

(A) _____ sincerely
(B) _____ truly
(C) _____ faithfully
(D) None of these

97. ऑफिस मेमोरेंडम में इस्तेमाल किया जाने वाला सही अभिवादन क्या है ?

(A) प्रिय महोदय / महोदया
(B) सर/मैडम
(C) आदरणीय महोदय/महोदया
(D) कोई अभिवादन का उपयोग नहीं किया जाता है।

What is the correct salutation used in an Office Memorandum ?

(A) Dear sir/madam
(B) Sir/madam
(C) Respected sir/madam
(D) No salutation is used.

98. नीति के महत्वपूर्ण मामलों, जैसे कि औद्योगिक लाइसेंस की नीति, में सरकार के निर्णयों की सार्वजनिक घोषणा करने के लिए किस प्रकार के संचार का उपयोग किया जाता है ?

(A) अधिसूचना (B) मिनट्स

(C) कार्यालय आदेश (D) प्रस्ताव

Which kind of communication is used for making public announcements of decisions of government in important matters of policy e.g., the policy of industrial licensing ?

(A) Notification (B) Minutes

(C) Office Order (D) Resolution

99. विदेशी सरकारों के साथ पत्राचार के लिए निर्देश जारी करने के लिए कौन सा सरकारी कार्यालय जिम्मेदार है ?

(A) कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
(B) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
(C) विदेश मंत्रालय
(D) कैबिनेट सचिवालय

Which government office is responsible for issuing instructions for correspondence with foreign governments ?

(A) Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
(B) Department of Personnel and Training
(C) Ministry of External Affairs
(D) Cabinet Secretariat

100. सीएसएमओपी का फुल फॉर्म है

(A) सिविल सर्विसेस मैन्युअल ऑफ ऑफिस प्रोसीजर्स
(B) सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मैन्युअल ऑफ ऑफिस प्रोसीजर्स
(C) सिविल सर्विसेस मैन्युअल ऑफ ऑफिस प्रेक्टिसीस
(D) सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मैन्युअल ऑफ ऑफिस प्रेक्टिसीस

The full form of CSMOP is

(A) Civil Services Manual of Office Procedures
(B) Central Secretariat Manual of Office Procedures
(C) Civil Services Manual of Office Practices
(D) Central Secretariat Manual of Office Practices

KK

Downloaded From www.exammix.com